दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय
गोरखपुर-273001
(नैक प्रत्यायित 'B++' श्रेणी)

सम्बद्ध

दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

☎ : 0551-2334549
: 09792987700
e-mail : dnpggkp@gmail.com
website : www.dnpgcollege.edu.in

दिनांक 11.12.2024

प्रकाशनार्थ

अनुशासन ही है सफ़लता की कुंजी- प्रो. डॉ. राजेश कुमार सिंह

दिग्विजयनाथ पी.जी. कॉलेज, गोरखपुर में आयोजित हुआ पुरस्कार/ पारितोषिक वितरण समारोह

11 दिसंबर, 2024 गोरखपुर। दिग्विजनाथ पी.जी. कॉलेज, गोरखपुर में विभिन्न कक्षाओं में विद्यार्थियों द्वारा सर्वाधिक अंको के अर्जन के आधार पर योग्यता, क्रीड़ा एवम् एन.सी.सी. क्रीड़ा छात्रवृत्ति तथा घोष पुरस्कार एवम् एनसीसी पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रो. (डॉ.) राजेश कुमार सिंह, विभागाध्यक्ष एवम् डीन, शिक्षाशास्त्र विभाग, दी.द.उ.गो.वि.वि. गोरखपुर उपस्थित रहे। इस अवसर पर विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए प्रो. सिंह ने कहा कि जीवन में सफलता की कुंजी अनुशासन ही है। अनुशासित व्यक्ति ही अपने जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में सफल होते हैं। बालक के अंदर निहित प्रतिभाओं को निखारने में अनुशासन का महत्वपूर्ण योगदान होता है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि संस्थापक सप्ताह समारोह में आयोजित होने वाले सभी कार्यक्रम विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारने का कार्य करता है। प्रत्येक विद्यार्थी में कोई न कोई विशिष्ट प्रतिभा अवश्य होती है, जिसको अनुशासन एवम् परिश्रम द्वारा परिमार्जित किया जा सकता है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. (डॉ.) ओ. पी. सिंह ने कहा कि संस्थापक सप्ताह समारोह-2024 में महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया स मोटे तौर पर प्रत्येक तीन पुरस्कार में से एक पुरस्कार दिग्विजनाथ पी.जी. कॉलेज के विधार्थियों ने प्राप्त किया है, परिश्रम और अनुशासन ही सफलता की कुंजी है, कठिन परिश्रम से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है, कार्यक्रम का संयोजन एवं संचालन बी.एड. विभाग के प्राध्यापक डॉ. सुभाष चंद्र ने किया। इस अवसर पर 71 विद्यार्थियों को योग्यता छात्रवृत्ति, 09 विद्यार्थियों को क्रीड़ा छात्रवृत्ति एवम् 03 विद्यार्थियों को एनसीसी क्रीड़ा छात्रवृत्ति का वितरण किया गया, साथ ही घोष दल एवम् एनसीसी को पुरस्कृत भी किया गया। साथ ही योगिराज बाबा ब्रह्मनाथ स्वर्ण पदक प्राप्त करने के लिए श्रेष्ठतम कर्मचारी श्री बृजेश विश्वकर्मा को भी सम्मानित किया गया, इस कार्यक्रम को सफ़ल बनाने में डॉ. नितेश शुक्ला, श्री संतोष तिवारी, श्री गोरख प्रसाद तथा अन्य प्राध्यापकों एवम् कर्मचारियों ने अपना सक्रिय योगदान दिया।

डॉ. शैलेश कुमार सिंह
सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी